तापमान

अधिकतम 45.0 डिग्री

न्यूनतम 28.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 21 मई 2026





अशोक नगर में पानी की समस्या होने से टैंकर से सप्लाई की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल के नए सीएस ने लिया चार्ज



**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में 20 दिनों बाद नए सिविल सर्जन की पदस्थापना कर दी गई है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने 18 मई को जांजगीर के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ.एस कुजुर को बिलासपुर में पदस्थ किया है। 20 मई को डॉ.कुजुर ने जिला अस्पताल में अपनी ज्वानइनिंग दी। इस दौरान उन्होंने डाक्टर और स्टाफ से मुलाकात करने के साथ वार्ड और अस्पताल का राउंड भी लिया। डॉ.कुजुर ने कहा है कि पहली प्राथमकिता मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाना है, इस दौरान कर्मचारियों ने भी अपनी मांग रखी है। इसके लिए संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। डाक्टर कुजुर के ज्वाइनिंग के दौरान उनके साथ डॉ.शेफाली कुमावत, डॉ.संतोष सिंह और अन्य डाक्टंर व स्टाफ मौजूद थे।

### उपचुनाव के तहत नाम वापसी की प्रक्रिया आज

**बिलासपुर।** नगरीय निकाय उपचुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव तहत गुरुवार को नाम निर्देशन पत्र वापसी की तिथि है। जिले में नगर निगम के 29 नंबर वार्ड में पार्षद तथा दो ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं 16 पंच के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव अंतर्गत 11 मई से नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसकी अंतिम तिथि 18 मई थी। नगर निगम बिलासपुर में वार्ड नंबर 29 संजयनगर एकमात्र वार्ड में पार्षद पद के लिए उपचुनाव हो रहा है। यहां से कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है जिसमें भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व एक निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। अब इन चार प्रत्याशियों में कोई अपना नाम चुनाव से वापस लेता है कि नहीं यह कल नाम वापसी के दौरान पता चल पाएगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित तहसीलदारों को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया था और सरपंच के दो रिक्त पद सहित पंच के 16 रिक्त पदों के लिए नामांकन दाखिल हुआ है।

### प्रयास विद्यालय में दावा-आपत्ति 30 तक

**बिलासपुर।** जिले के प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। विभागीय वेबसाइट से मॉडल उत्तर देखे जा सकते है। जारी मॉडल आंसर के संबंध में दावा आपत्ति आवेदक अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर 30 मई तक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते है। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति अमान्य होगा एवं डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# टुकड़ों में नहीं होने के कारण डायवर्सन के मामलों में 60 प्रतिशत की गिरावट

## खसरे की पूरी जमीन का एक साथ कराना होगा डायवर्सन, जमीन मालिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




प्रदेश में ऑनलाईन डायवर्सन लागू होने से जमीन मालिकों को राहत तो मिली है, लेकिन राहत मिलने से कहीं ज्यादा वे परेशान नजर आ रहे हैं। परेशान होने की वजह यह है कि ऑनलाईन डायवर्सन के अंतर्गत जमीन मालिकों को एप में टुकडों में डायवर्सन का कोई विकल्प नहीं दिया गया है, जिसके कारण उन्हें अपनी संबंधित जमीन के कुल रकबे का पूरा डायवर्सन एक साथ कराना होगा। परिणामस्वरूप जिले में डायवर्सन के मामलों में 60 प्रतिशत तक की गिरावट आ चुकी है।

ऑनलाईन डायवर्सन प्रारंभ होने का विगत लंबे समय से इंतजार कर रहे जमीन मालिक इसके लागू हो जाने के बाद अब खुद ही इससे कन्नी काटने लगे हैं। डायवर्सन के लिए ऑनलाईन आवेदन तो प्रस्तुत हो रहे हैं, लेकिन पहले की तुलना में इसकी संख्या बेहद कम है। जिन जमीन मालिकों के द्वारा डायवर्सन के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, उन्हें डायवर्सन का आदेश भी मिलने लगा है। इसके बाद भी ज्यादातर जमीन मालिक प्रेरित होकर अपनी जमीन का डायवर्सन कराने की बजाए इंतजार करना ज्यादा बेहतर समझ रहे हैं। खाते में जमीन के कुल क्षेत्रफल का एक साथ डायवर्सन कराने की बाध्यता जमीन मालिकों को नई व्यवस्था से दूर कर रही है। हालांकि राजस्व विभाग द्वारा इस संबंध में राज्य स्तरीय कार्यालय को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन फिलहाल कोई समाधान नहीं निकल सका है।

### किसी के लिए सुविधा, तो किसी के लिए सिरदर्दी

ऑनलाईन डायवर्सन लागू होने के बाद जमीन मालिकों के लिए यह एक बहुत अच्छी खबर है कि अब डायवर्सन के लिए भूमि की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। जमीन मालिक अपनी क्षमता के हिसाब से चाहे जितनी भूमि का एक साथ डायवर्सन करा सकते हैं। इस व्यवस्था से बिल्डर या जमीन के कारोबार से जुड़े लोगों को तो आसानी हो गई है, लेकिन आम जनता परेशान है। अगर किसी के पास दस डिसमिल जमीन है, लेकिन जमीन मालिक केवल पांच डिसमिल का ही डायवर्सन कराना चाह रहे हैं, तो उनका प्रकरण ही निरस्त हो जाएगा।

### पूरे रकबे के डायवर्सन से इसलिए बच रहे भू-स्वामी

कुल रकबे का एक साथ डायवर्सन कराने से जमीन मालिक को चालान के माध्यम से सरकार को पूरी जमीन का डायवर्सन शुल्क पटाना पड़ेगा। इतना ही नहीं, बल्कि एक बार डायवर्सन हो जाने के बाद जमीन मालिक को प्रतिवर्ष शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। सरकार को शुल्क के रूप में दिए जाने वाली राशि की दोहरी मार से बचने ज्यादातर लोग उतनी ही भूमि का ही डायवर्सन कराते हैं, जितने में उनके मकान-दुकान या संस्थान का निर्माण हो जाए। अब बदली व्यवस्था में भवन निर्माण के लिए उनकी जरूरत चाहे जितनी बड़ी जमीन की हो, लेकिन डायवर्सन पूरा कराना होगा। इसीलिए लोग फिलहाल इस व्यवस्था में बदलाव होने तक का इंतजार करते हुए डायवर्सन कराने से बच रहे हैं।

### आप्शन नहीं दिख रहा

ऑनलाईन डायवर्सन में एक खसरे का टुकड़ों में डायवर्सन के लिए अभी भी एप में कोई ऑप्शन नहीं दिखा रहा है। परिणामस्वरूप डायवर्सन के प्रकरणों में 60 फीसदी तक की कमी आ चुकी है। इस संबंध में राज्य कार्यालय को अवगत करा दिया गया है। संभवतः भविष्य में टुकड़ों में डायवर्सन का ऑप्शन एप में आने लगे।

**- मनीष कुमार साहू**
एसडीएम बिलासपुर

## मंगला की घटना, व्यवस्था सुधरने में लग गए घंटों


# कॉलोनी का ट्रांसफार्मर जला, सारी रात पसीना बहाते रहे हजारों लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में बिजली का लोड बढ़ने के कारण सबसे अधिक प्रभाव ट्रांसफार्मर और सब स्टेशनों पर होने लगा है। लोडिंग की परेशानी के कारण ट्रांसफार्मर लगातार जल रहे हैं, जिसके कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन घंटों बिजली की समस्या से लोग उमस भरी गर्मी से हलाकान हो रहे हैं। मंगला क्षेत्र के महामाया पार्क कालोनी में लगा ट्रांसफार्मर बीती रात जल गया, इसके बाद हजारों लोग सारी रात पसीना बहाते बैठे रहे, सुबह यहां पानी भी नहीं पहुंचा।

गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों के घर और व्यवसायिक संस्थानों में पंखे, कूलर, एसी का उपयोग अधिक होने लगा है। सुबह से तेज धूप के साथ ही शाम और रात तक गरम हवाओं से बचने के लिए लोग बाहर निकलने से बचने लगे हैं। घर में एसी, कूलर, पंखे, फ्रिज का उपयोग अधिक होने के कारण बिजली की लोडिंग भी बढ़ने लग गई है। वितरण कंपनी ने लोगों को बिजली की सुविधा प्रदान करने के लिए मोहल्ले और कालोनियों के अनुसार ट्रांसफार्मर और क्षेत्र की संख्या के हिसाब से सब स्टेशन भी बनाया है। बारिश और ठंड में बिजली का उपयोग कम होने के कारण सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर में लोडिंग का दबाव भी कम रहता है, लेकिन भीषण गर्मी के दौरान लोडिंग 90 फीसदी से अधिक बढ़ जाती है। विभाग की ओर से भीषण गर्मी में ही बारिश से पहले मेंटेनेंस कार्य करते हुए घंटो बिजली बंद कर दी जाती है। विभाग की इस गतिविधि को तो लोग जैसे तैसे झेल लेते हैं, लेकिन शाम और रात को अचानक बिजली बंद के कारण लोग हलाकान हो जाते हैं। इसी तरह का हाल वर्तमान में बिजली व्यवस्था का हो गया है।

बिजली विभाग उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली की सुविधा देने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो गया है। 24 घंटे बिजली का उपयोग होने के कारण ट्रांसफार्मर और सब स्टेशन में दबाव अधिक पड़ने से ट्रांसफार्मर में चिंगारी निकलने से आग लगने की घटना हो रही है। इसके कारण घंटो बिजली बंद के कारण रात तो दूर सुबह तक लोगों को बिजली चालू होने का इंतजार करना पड़ रहा है।



**महामाया पार्क कॉलोनी का जला ट्रांसफार्मर**

मंगलवार की रात मंगला क्षेत्र स्थित महामाया पार्क कॉलोनी में देर रात ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि दूर तक लपटें दिखाई देने लगीं। घटना के बाद पूरे इलाके की बिजली सप्लाई बंद हो गई, जिससे लोगों को रातभर परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक ट्रांसफार्मर से तेज धमाके की आवाज आई, जिसके बाद उसमें आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को दी। घटना के चलते महामाया पार्क और आसपास की कॉलोनियों की बिजली सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में आए दिन बिजली गुल होने और ट्रांसफार्मर में खराबी की समस्या बनी रहती है। कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिसके चलते लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी है।

### घंटों लगे डीओ को सुधारने में

बिजली बंद की समस्या शहर के बाहर के साथ शहर के अंदर बनी कॉलोनियों में भी काफी अधिक है। बुधवार की दोपहर ढ़ाई बजे नेहरु नगर परिजात एक्सटेंशन में अचानक बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ गई। लोगों ने नेहरू नगर स्थित बिजली विभाग के दफ्तर में पहुंचकर शिकायत की, लेकिन वहां फ्यूज कॉल दफ्तर में एक भी कर्मचारी मौजूद नहीं थे। अफसरों ने भी लोगों को ढंग से जवाब देना उचित नहीं समझा। इसके कारण वहां लोगों का विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ गया। शाम 6 बजे के बाद कर्मचारी परिजात एक्सटेंशन में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए पहुंचा, जहां ट्रांसफार्मर का डीओ गिरा हुआ था।

### लोड अधिक हो गया

गर्मी के समय बिजली समस्या का मुख्य कारण लोडिंग अधिक होना है। वर्तमान में भी इसी तरह की समस्या है। किसी तरह की अगर ट्रांसफार्मर जलने या फिर डीओ गिरने की शिकायत मिल रही है तो उसे विभागीय अफसर तत्काल बदलने का कार्य करा रहे हैं, ताकि किसी को कोई समस्या न हो।

**- श्रीनिवास राजू**
अधीक्षण यंत्री, सिटी सर्किल
वितरण कंपनी

# 45 डिग्री तापमान के साथ बिलासपुर प्रदेश में सबसे गर्म

45 डिग्री टेंप्रेचर के साथ बिलासपुर शहर बुधवार को पूरे प्रदेश में गर्मी के मामले में पहले नंबर पर रहा। पूरे दिन गर्म हवाएं चलती रहीं, जिससे बचने लोग घरों में दुबके रहे। शहर की सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा रहा। शहर में गर्मी की हालत ऐसी थी कि शाम छह बजे के बाद भी गर्म हवाओं का असर महसूस हो रहा था।

शहर में गर्मी अपनी चरम सीमा में है। हालत यह है कि बुधवार को बिलासपुर शहर पूरे प्रदेश में गर्मी के मामले में पहले नंबर पर रहा। इस दौरान शहर का अधिकतम तापमान जहां 45 डिग्री सेंटीग्रेड रिकार्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान भी 28.4 डिग्री सेंटीग्रेड रहा। अधिकतम तापमान की स्थिति सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक थी। पूरे दिन मौसम साफ रहा, वहीं सुबह से ही तेज धूप निकली रही। धूप इतनी तेज थी कि सुबह 11 बजे के बाद लोग बाहर निकलने से बचते रहे व घर के भीतर ही दुबके रहे। गर्मी की हालत बुधवार को यह थी कि एसी व कूलर का प्रभाव भी कमजोर लग रहा था।



■ पूरे दिन तपता रहा शहर शाम छह बजे के बाद भी चलती रहीं गर्म हवाएं

शहर की सड़कों पर आवागमन करने वालों की संख्या कम होने के कारण मेनरोड पर दुकानदारी करने वाले कई दुकानदारों के द्वारा दोपहर में अपनी दुकानें बंद कर दी गई थीं। बेहतर ग्राहकी नहीं होने से वे भी अपने घरों में दुबककर आराम करते नजर आए। पूरा दिन तपने के कारण शहर की सड़कें पूरी तरह गर्म हो चुकी थीं, जिससे शाम छह बजे के बाद भी गर्म हवाएं चलती रहीं। चिकित्सकों द्वारा फिलहाल अधिकतम तापमान में गिरावट नहीं आ जाने तक घर के बाहर अनावश्यक निकलने से बचने की सलाह दी गई है। अति आवश्यक होने की स्थिति में भोजन करके एवं पर्याप्त पानी पीकर ही बाहर निकलने की सलाह दी गई है।

### लू की चपेट में शहर, आगे भी लगातार संभावना

मौसम विभाग के अनुसार शहर लू की चपेट में है। इतना ही नहीं, बल्कि मध्य छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ग्रीष्म लहर की स्थिति बनी रहने एवं कई हिस्सों में आगे भी लगातार ग्रीष्म लहर की स्थिति बने रहने की संभावना जाहिर की गई है। मौसम विशेषज्ञों द्वारा दोपहर बारह से तीन बजे के बीच अति आवश्यक नहीं होने की स्थिति में घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह भी दी गई है।

### चलेगी ग्रीष्म लहर

प्रदेश में बुधवार को 45 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान के साथ बिलासपुर सबसे गर्म शहर रहा। आने वाले समय में प्रदेश के कुछ हिस्सों, विशेषकर मध्य भाग में ग्रीष्म लहर की स्थिति लगातार बनी रहने की संभावना है।

**- डा.एचपी चंद्रा**
मौसम वैज्ञानिक




### शाम 7: 30 बजे एयरपोर्ट पहुंची फ्लाइट

बिलासपुर। बिलासा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग का सपना पूरा हुआ। बुधवार की शाम 7 : 30 बजे एक फ्लाइट दिल्ली से एयरपोर्ट पहुंची। विमान की एयरपोर्ट पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई गई। यहां से यह विमान रीवा के लिए रवाना हुआ। उक्त विमान कैप्टन कृष्णा मोदी लेकर आए थे।

## सस्ते में कार दिलाने का झांसा

# टीवीएस कंपनी के मैनेजर से 16 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सस्ते में कार दिलाने का झांसा देकर टीवीएस कंपनी के मैनेजर से 16 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, घुरू गोकुलधाम निवासी प्रतीक कुमार सोनी टीवीएस कंपनी मुंगेली में मैनेजर हैं। उनके रिश्तेदार मुंगेली निवासी लक्ष्य सोनी ने उन्हें खुद की कंपनी बिट किंग एसएमएस के बारे में जानकारी देते हुए दावा किया वह कार, बाइक, इलेक्ट्रानिक सामान कम कीमत में उपलब्ध कराता है। अगस्त 2024 में लक्ष्य ने उन्हें एमजी हेक्टर कार सस्ते में दिलाने का आफर दिया। उसने कहा कि 24 लाख की गाड़ी मात्र 12.2 लाख रुपए में उपलब्ध करा देगा। उसकी बातों में आकर उन्होंने अलग अलग तिथियों में बैंक ट्रांसफर और यूपीआई के माध्यम से 12.22 लाख रुपए उसे दे दिया। काफी समय तक टालमटोल करने के बाद लक्ष्य ने नवंबर 2024 में गाड़ी तो दे दी।




उसके बाद लक्ष्य ने उन्हें महिंद्रा थार व स्विफ्ट कार कम कीमत में दिलाने का लालच दिया। 18 लाख से ज्यादा कीमत वाली थार 7.60 लाख रुपए व 10 लाख की स्विफ्ट कार को 6.11 लाख में दिलाने का दावा किया। उन्होंने दोनों गाड़ी खरीदने के लिए पैसा दे दिया। बाद में उन्हें पता चला तीनों गाड़ी फायनेंस हुई है। लक्ष्य उन्हें 6 माह में फायनेंस क्लियर करवा देने की बात कहीं, किन्तु ऐसा नहीं हुआ।

इस तरह से श्री सोनी से 25 लाख 93 हजार लेकर केवल 9 लाख 50 हजार रुपए गाड़ियों का पेमेंट किया गया ह। शेष रकम 16 लाख 43 लाख रुपए अपने पास रख लिया है। पुलिस ने श्री सोनी की रिपोर्ट पर लक्ष्य सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## वायरल हुआ वीडियो, स्वास्थ्य विभाग को पता नहीं

# बाइक पर मरीज को बैठाकर ब्लड सैंपल लेते दिखा युवक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोशल मीडिया में एक चलते फिरते पैथोलैब का वीडियो जोरो से वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक बाइक पर मरीज को बैठाकर ब्लड सैंपल लेता नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी नहीं है।

20 मई को सोशल मीडिया में वायरल यह वीडियो बिलासपुर विवेकानंद उद्यान कंपनी कार्डन के पास की एक गली का बताया जा रहा है। वीडियो स्वास्थ व्यवस्था और पैथोलैब की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है। वीडियों में दिखाई देने वाला युवक रायपुर लोधीपारा स्थित सेज पैथोलैब का सेल्स एग्जीक्यूटिव नरेन्द्र पात्रे नामक युवक बताया जा रहा है। वह बिना किसी अधिकृत मेडिकल योग्यता के खुलेआम ब्लड सैंपल लेने का काम कर रहा है। उसके बैग में बड़ी संख्या में बिना सिरिंज, ब्लड कलेक्शन ट्यूब, सैंपल रखने वाले उपकरण भी मिले हैं। खुले में और बिना सुरक्षा मानकों के ब्लड सैंपल लेने की इस घटना ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मामले को लेक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### मरीज के बुलाने पर ब्लड सैंपल ले रहा था

ब्लड सैंपल लेने वाला युवक अपना नाम नरेन्द्र पात्रे बताया है। उसने कहा वह रायपुर सेज पैथोलैब में काम करता है। मरीज के बुलाने पर वह ब्लड सैपल लेने आया था। मरीज कोरबा का रहने वाला है उन्हें कीडनी की समस्या है। सैंपल लेकर आईसी पेटी से रायपुर लेकर जाने की बात कह रहा है।




## खबर संक्षेप

### रेल मुख्यालय में मनाई गई कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती



**बिलासपुर।** राजभाषा विभाग प्रधान कार्यालय दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने हिंदी साहित्य के छायावादी युग के महान कवि सुमित्रानंदन पंत जी की 126वीं जयंती का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यालय के राजभाषा अधिकारी पीताम्बर लाल जाटवर एवं उपस्थित कर्मचारियों ने पंत के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत की रचनाओं पर चर्चा करते हुए श्री जाटवर ने कहा कि पंत जी की जयंती उनकी प्रकृति और मानवता के प्रति संवेदनशीलता को स्मरण करने का दिन है। उनकी कविताएं आज भी हमें यह सिखाती हैं कि साहित्य समाज और जीवन को दिशा देने का सबसे सुंदर माध्यम है । पल्लव, वीणा, चिदंबरा तथा लोकायतन पंत की प्रमुख रचनाएं हैं और उन्हें चिदंबरा के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा नौका विहार तथा पर्वत प्रदेश में पावस कविता का पाठ कर, प्रकृति के चितेरे कवि को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

### आओ सवारें कल अपना का समर कैम्प में युवाओं को प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** आओ सवारें कल अपना अभियान चेतना अभियान अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को खेल और मनोरंजन के साथ साथ शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ और मजबूत बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि युवा और बच्चे वर्ग मोबाइल, नशा, आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज में अच्छी और बेहतर कार्य कर सकें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह आईपीएस द्वारा स्कूल छुट्टी के दौरान बच्चों और युवाओं को नशा, मोबाइल और अपराध से बचाने और पुलिस से जुड़कर अपनी कला, खेल और मनोरंजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य कर अपनी सकारात्मक छवि बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह कार्यक्रम में पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया का रहा है, जिसमें वॉलीबॉल में लगभग 35 बच्चें, हैंडबॉल में लगभग 40 बच्चे, हॉकी में 70 बच्चें, रनिंग में 50 बच्चें, तायक्वांडो में लगभग 70 बच्चें शामिल हैं। समय समय पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह स्वयं पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जानकारी लेकर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराते हैं। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल ने भी साथ में बच्चों से भेंटकर योगा मैट वितरण किया। आओ सवारें कल अपना के अंतर्गत पुलिंस परिवार की युवती व महिलाओं के लिए सिलाई और क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवीन पुलिस लाइन कार्यालय मनोरंजन कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 60 से अधिक महिला और युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे हर वर्ग के लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से चेतना अभियान से जोड़ा गया है, ताकि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि के द्वारा लोगों बुरे कार्य व्यसन और आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें पुलिस के कार्यों में सहयोग करें।

### ई-श्रम साथी ऐप से श्रमिकों को मिलेगा घर बैठे रोजगार

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी निर्माण विभागों से श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू किए गए ई-श्रम साथी ऐप सीजी लेबर चौक में अधिक से अधिक पंजीयन कराने का अनुरोध किया गया है। इस ऐप के माध्यम से श्रमिकों को अब काम की तलाश में लेबर चौक अथवा चावड़ी में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। श्रम विभाग द्वारा विकसित इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए जिस भी व्यक्ति, संस्था अथवा ठेकेदार को श्रमिकों की आवश्यकता होगी, वे ऐप के माध्यम से सीधे श्रमिकों से संपर्क कर आवश्यकतानुसार कार्य पर बुला सकेंगे। इससे श्रमिकों को रोजगार के अवसर आसानी से उपलब्ध होंगे तथा समय और श्रम की बचत भी होगी। जिले के सभी निर्माण विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ ठेकेदारों को नियोक्ता के रूप में ऐप में पंजीयन कराने के लिए प्रेरित करें। साथ ही निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों का भी श्रमिक श्रेणी में पंजीयन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें। श्रम विभाग के सहायक आयुक्त ज्योति मिश्रा ने कहा है कि यह पहल श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच सीधा समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी तथा श्रमिकों को पारदर्शी और त्वरित रोजगार उपलब्ध कराने में सहायक बनेगी।

### कन्हाई रेल अंडरब्रिज बंद रहेगा 25 तक

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जांजगीर नैला–कापन स्टेशनों के मध्य स्थित कन्हाई बंद रेल अंडरब्रिज पर सड़क आवागमन को और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य के फलस्वरूप इस रेल अंडरब्रिज को 20 मई तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रखा गया था। कार्य के दौरान कुछ अतिरिक्त तकनीकी कार्य जुड़ जाने के कारण अब इस रेल अंडरब्रिज को सड़क यातायात हेतु 25 मई तक पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि में सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में पास में ही स्थित समपार बलौदा फाटक का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

**सौगात** वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

# जिले को मिली 24 अत्याधुनिक डायल-112 वाहन सेवा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आम नागरिकों को त्वरित सुरक्षा एवं आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में बिलासपुर जिले को 24 नई अत्याधुनिक डायल-112 वाहनों की बड़ी सौगात मिली है। बिलासा गुड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने वर्चुअली जुड़कर कहा कि संकट में 112 वाहन सेवा लोगों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नए वाहनों के शामिल होने से जिले में पुलिस रिस्पॉन्स सिस्टम और अधिक मजबूत एवं प्रभावी होगा।

कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि डायल-112 सेवा जनता के भरोसे का प्रतीक बन चुकी है। संकट के समय यह सेवा लोगों को त्वरित राहत और सुरक्षा का एहसास कराती है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने वर्चुअली जुड़कर कहा कि डायल-112 सेवा की विशेषता यह है कि सूचना मिलते ही टीम लोकेशन ट्रेस कर तत्काल सहायता पहुंचाती है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि किसी भी दुर्घटना, अपराध या आपदा में सबसे पहले पुलिस ही मौके पर पहुंचती है। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि डायल-112 सेवा ने आम नागरिकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि पुलिस विभाग जिस तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है, वह सराहनीय है। आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने में डायल-112 महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि डायल-112 सेवा को अब प्रदेश के सभी 33 जिलों में विस्तारित किया गया है। इसमें पुलिस के साथ फायर एवं एम्बुलेंस सेवाओं को भी जोड़ा गया है, जिससे लोगों को एक ही प्लेटफॉर्म पर त्वरित सहायता मिल रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि नई डायल-112 वाहन सेवा से जिले में आपातकालीन सेवाओं की कार्यक्षमता और बेहतर होगी। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि डायल-112 सेवा पुलिस की त्वरित कार्रवाई प्रणाली की पहचान बन चुकी है। महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, फायर एवं एम्बुलेंस सेवाओं के समन्वय से लोगों को तत्काल सहायता मिल रही है। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एडिशनल एसपी पंकज पटेल, श्रीमती मधुलिका सिंह, एडिशनल एसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



डायल-112 को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।



कार्यक्रम को संबोधित करते तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह।

### दुकानों में लटका रहा ताला

# आनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहीं मेडिकल दुकानें, दवा के लिए भटके मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऑनलाइन दवा बिक्री व्यवस्था और केंद्र सरकार के जीएसआर नियमों के विरोध में शहर की सभी मेडिकल दुकानें बंद रहीं। मेडिकल काम्प्लेक्स सहित शहर के दूसरे इलाकों की दवा दुकानों में ताला लटकता रहा, ग्रामीण इलाकों की दवा दुकानें भी बंद रखी गईं। दवा दुकान बंद होने के कारण मरीजों को दवा के लिए भटकना पड़ा।

देश भर में बुधवार को ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान दवा दुकानों को बंद किया गया। जिला औषधि विक्रेता संघ ने इस बंद को समर्थन दिया था। बंद के कारण शहर के तेलीपारा स्थित मेडिकल कांप्लेक्स की दुकानों में ताला लटकता रहा। इसके अलावा शहर के सभी मुख्य बाजारों और गली मोहल्लों की दुकानें भी बंद रखी गईं। जिले के सभी विकासखंडों और ग्रामीण इलाकों के दवा विक्रेताओं ने दुकान बंद कर संघ का समर्थन किया। इस दौरान मरीजों को दवा के लिए भटकना पड़ा। हालांकि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवा उपलब्ध कराई जाती रही। उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन फार्मेसी व्यवस्था को लेकर दवा व्यापारी गंभी सवाल उठाते हुए इसे मरीजों की सुरक्षा से खतरा बता रहे हैं। इनका कहना है कि कोविड काल के बाद से ऑनलाइन दवा बिक्री नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। बड़े पैमाने पर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर फर्जी प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए जा रहे हैं और बिना किसी वास्तविक सत्यापन के दवाएं दी जा रही हैं। इससे नारकोटिक और साइकोट्रोपिक दवाओं के दुरुपयोग बढ़ा है। औषधि विक्रेता संघ का आरोप है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म केवल कारोबार बढ़ाने पर केंद्रित हैं, जबकि मरीजों की सुरक्षा और दवाओं के सही उपयोग को लेकर जिम्मेदारी तय नहीं है। मेडिकल स्टोरों में मौजूद फार्मासिस्ट मरीजों को दवा की सही जानकारी, डोज, साइड इफेक्ट और उपयोग की पूरी सलाह देते हैं, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम में यह पूरी प्रक्रिया सिर्फ "डिलीवरी मॉडल" बनकर रह गई है। इससे भविष्य में स्वास्थ्य जोखिम का सामना करना पड़ेगा।





# कालेजों के प्राध्यापकों को नहीं मिल पाएगा समर वेकेशन

**बिलासपुर।** गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों के प्राध्यापकों को इस बार समर वेकेशन नहीं मिल पा रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत सेमेस्टर सिस्टम लागू है और सेमेस्टर एग्जाम कराने में अटल यूनिवर्सिटी करीब एक माह विलंब से चल रहा है। इसलिए 1 जून से सेमेस्टर एग्जाम शुरू हो रहा है और उसके पहले 30 मई तक प्रेक्टिकल एग्जाम कराना होगा, जिसके चलते कालेजों के प्राध्यापक गर्मी के छुट्टियों का आनंद या बाहर घूमने-फिरने नहीं जा पाएंगे।

- 30 मई तक कराना होगा प्रैक्टिकल एग्जाम
- 1 जून से शुरू होगा सेमेस्टर एग्जाम

अटल यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर एग्जाम को लेकर पिछले दिनों सभी संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों की मिटिंग में स्पष्ट रूप से कह दिया गया था कि इस बार प्राध्यापकों को समर वेकेशन नहीं मिल पाएगा। प्राचार्यों को समर वेकेशन नहीं दिए जाने कहा गया था, क्योंकि प्राध्यापक समर वेकेशन पर बाहर चले जाएंगे तो कालेज में प्रैक्टिकल और सेमेस्टर एग्जाम कौन कराएगा। इसलिए प्राध्यापकों का समर वेकेशन इस बार प्रेक्टिकल एग्जाम कराने और उसके तुरंत बाद सेमेस्टर एग्जाम की भेंट चढ़ जाएगा। यूनिवर्सिटी ने पत्र जारी कर सभी कालेजों को 15 मई से 30 मई तक प्रैक्टिकल एग्जाम आयोजित करने कहा है। इसके बाद 1 जून से यूनिवर्सिटी सेमेस्टर एग्जाम आयोजित करने जा रही है और अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी समेत नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत यूजी व पीजी एवं विधि संकाय जैसे बड़े-बड़े एग्जाम होने जा रहा है। इसमें कालेजों में सेमेस्टर एग्जाम दौरान प्राध्यापकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

#### सीयू में समर वेकेशन शुरू

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर वेकेशन लागू हो गया है। वहां प्राध्यापकों को 20 जून तक समर वेकेशन मिला है। यूनिवर्सिटी में 24 मई तक सेमेस्टर एग्जाम चलेगा, जिसमें प्रमुख पेपर हो चुके हैं और बचे हुए पेपरों में कुछ प्राध्यापकों की ड्यूटी लगी है। उन्हें एग्जाम खत्म होने के बाद अवकाश मिलेगा।

#### दिया जाएगा अर्जित अवकाश

एक जून से यूजी-पीजी सेमेस्टर एग्जाम शुरू हो रहा है। इसलिए सेमेस्टर एग्जाम में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी वे समर वेकेशन में नहीं जा पाएंगे। ऐसे शिक्षकों को एग्जाम के बाद अलग से अर्जित अवकाश दिया जाएगा।

-एसएल निराला
प्राचार्य, गवर्नमेंट जेपी वर्मा कालेज

# एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित की गई कोयला उपभोक्ताओं की बैठक




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोल इंडिया के मध्य एवं पश्चिम क्षेत्र के पावर एवं एनआरएस सेक्टर के कोयला उपभोक्ताओं की बैठक का आयोजन बुधवार को एसईसीएल मुख्यालय में किया गया।

उपभोक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, कोल सप्लाई, गुणवत्ता प्रबंधन एवं परिचालन संबंधी विषयों पर संवाद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस कंज़्यूमर मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन, कोल इंडिया के निदेशक विपणन मुकेश चौधरी, निदेशक तकनीकी, संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार एवं निदेशक योजना, परियोजना रमेशचंद्र महापात्र उपस्थित रहे। एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण कोयला उपलब्ध कराने एवं समयबद्ध डिस्पैच सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कंपनी का इस वर्ष 195 मिलियन टन उत्पादन तथा 200 मिलियन टन ऑफटेक का लक्ष्य है, जिसे एसईसीएल पूरी प्रतिबद्धता एवं दक्षता के साथ प्राप्त करेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया कि एसईसीएल निरंतर बेहतर गुणवत्ता का कोयला उपलब्ध कराने तथा उपभोक्ता संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। कोल इंडिया के निदेशक विपणन मुकेश चौधरी ने कहा कि कोल इंडिया अपने उपभोक्ताओं को निर्धारित गुणवत्ता का कोयला उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को निर्बाध कोल सप्लाई सुनिश्चित करना तथा गुणवत्ता संबंधी समस्याओं एवं ग्रेड स्लिपेज को न्यूनतम स्तर पर रखना है। कंज़्यूमर मीट में विभिन्न पावर एवं एनआरएस सेक्टर की उपभोक्ता कंपनियों के लगभग 125 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान कोल सप्लाई, गुणवत्ता प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स एवं बेहतर आपसी समन्वय से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपभोक्ताओं द्वारा अपने सुझाव एवं फीडबैक भी साझा किए गए, जिन पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक विक्रय एवं विपणन अजित चौधरी सहित एसईसीएल एवं कोल इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत संध्या एसईसीएल मुख्यालय स्थित सीएमडी कॉन्फ्रेंस हॉल में कोल इंडिया के निदेशक विपणन मुकेश चौधरी एवं एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने छत्तीसगढ़ स्पॉन्ज आयरन मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन तथा स्पॉन्ज आयरन उद्योग से जुड़े उपभोक्ताओं के साथ बैठक की एवं उद्योग से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### प्री-पीएचडी के 291 आवेदकों के आवेदन अपात्र

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी के लिए लगभग 2800 आवेदन आए हैं। इनकी स्क्रूटनी दौरान 291 लोगों के आवेदन अपात्र हो गए हैं। इसमें डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी वाले आवेदक भी शामिल हैं। यूनिवर्सिटी ने इन आवेदकों को सुधार एवं आनलाइन आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने 28 मई तक का मौका दिया है। इसमें डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी वाले आवेदकों द्वारा वांछित दस्तावेज आवेदन के साथ नहीं लगाए गए हैं। एक्सज्मप्ड श्रेणी वाले आवेदकों को प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा में बैठने की आवश्यकता नहीं है और उन्हें सीधे प्रवेश दिया जा सकता है। इसमें डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी के लिए पीएचडी की सीटें अलग से निर्धारित है। इसके अलावा प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश की सीटें अलग है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी एग्जाम के लिए आनलाइन आवेदन मंगाया गया था, जिसकी तीन बार तिथि भी बढ़ाई गई थी। प्री-पीएचडी के लिए यूनिवर्सिटी में लगभग 2800 आवेदन आनलाइन प्राप्त हुए हैं, जिनकी स्क्रूटनी की गई है। स्क्रूटनी में 291 आवेदकों के आवेदन अपात्र हो गए हैं जिन्हें 28 मई तक सुधार करने और आनलाइन वांछित दस्तावेज अपलोड करने अवसर दिया गया है। यूनिवर्सिटी ने पीएचडी की तीसरे बैच में प्रवेश देने के लिए प्री-पीएचडी एग्जाम आयोजित करने वाली है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने 30 जनवरी से प्री-पीएचडी फार्म भी आनलाइन भराना शुरू किया था और 16 फरवरी तक फार्म भरने की अंतिम तिथि थी, उसे बढ़ाकर दो बार आगे बढ़ाया गया था और 7 मार्च तक प्री-पीएचडी के लिए आवेदन जमा कराए गए थे, जिसे फिर 20 मार्च तक बढ़ाया गया था। अटल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए 20 विषय हैं जिनमें कंप्यूटर साइंस, सुक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गणित,वनस्पति शास्त्र, भौतिकी, जन्तु विज्ञान, वाणिज्य, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, शिक्षा, विधि, पुस्तकालय विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान विषय शामिल हैं।

# ड्यूटी करने वाले टीटीई रेस्ट हाउस में करा सकेंगे मसाज



**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के टीटीई रेस्ट हाउस में बाहर से ड्यूटी कर आने वाले टीटीई कर्मचारियों को अब आधुनिक सुविधाएं देने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत अब थके हारे टीटीई रेस्ट हाउस में आकर अपने शरीर का मसाज कराने के अलावा अन्य सुविधाएं भी ले सकेंगे।

बिलासपुर रेल मंडल में बाहर से आने वाले टीटीई कर्मचारियों के लिए सेकेरसा स्टेडियम के सामने टीटीई रेस्ट हाउस बनाया गया है। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी कामर्शियल विभाग के ऊपर रहती है। वर्तमान में टीटीई रेस्ट हाउस की हालत काफी खराब हो गई थी। पुराने बेड सहित गंदगी और अन्य अव्यवस्था के कारण कर्मचारियों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। प्रतिदिन टीटीई रेस्ट हाउस में झारसुगुड़ा से बिलासपुर, नागपुर, रायपुर से बिलासपुर, शहडोल, अनूपपुर से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों में ड्यूटी करने वाले टीटीई कर्मियों की संख्या काफी अधिक रहती है। रेस्ट हाउस में आराम के अलावा इन्हें नाश्ता, चाय और भोजन की फेसिलिटी भी दी जाती है। जर्जर हो रहे टीटीई रेस्ट हाउस को कामर्शियल विभाग की ओर से अब नया स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बाहर से आने वाले टीटीई कर्मचारियों के लिए उनकी थकान को दूर करने के लिए मसाज करने वाली मशीन, सभी रूम में एसी, फ्रिज, गिजर, साफ-सफाई के अलावा रंग रौगन का भी काम हो रहा है। सारी मशीनों को रेस्ट हाउस में लाकर रख दिया गया है। वहीं खान-पान के लिए आधुनिक किचन बनाकर आटोमेटिक रोटी मेकर, स्वच्छ भोजन, स्वच्छ बरतन भी रखे जा रहे हैं, ताकि किसी भी कर्मचारियों को किसी प्रकार की भी शिकायत न रहे।

#### दी जा रही हैं सुविधाएं

टीटीई रेस्ट हाउस को अब आधुनिक बनाने का काम हो रहा है। रंग रौगन के अलावा अन्य सारी व्यवस्था धीरे-धीरे कर हो गई है। यहां सारी सुविधा होने से कर्मचारियों को भी परेशानी नहीं होगी।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल
बिलासपुर

**विधि विभाग के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया गौरव**

# सीवीआरयू के छात्र को मिला सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के विधि विभाग के प्रतिभाशाली छात्र डिकेश कुमार साहू ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित युवा संसदीय एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। डिकेश साहू ने 17 एवं 18 अप्रैल को आयोजित लोक संवाद राष्ट्रीय युवा संसद में सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा ओ अनुसंधान विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था, जिसमें देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच उन्होंने अपने सशक्त तर्क, प्रभावशाली अभिव्यक्ति और नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्हें ओडिशा के विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने सम्मानित किया। डिकेश ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नया रायपुर द्वारा आयोजित द्वितीय संस्करण मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उन्होंने उच्च प्रशंसा सम्मान अर्जित कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि डिकेश कुमार साहू की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नेतृत्व विकास और विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की परंपरा का परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की सफलताएं विद्यार्थियों की क्षमता, समर्पण और विश्वविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को दर्शाती हैं, जिससे अन्य छात्र भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित होते हैं।



### दो नाबालिगों को किया गया चाइल्ड लाइन के सुपुर्द



**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर अकेले बैठी दो नाबालिगों को पूछताछ करने के बाद आरपीएफ की टीम ने चाइल्ड लाइन के सुपर्द कर दिया है। बुधवार की शाम उपनिरीक्षक मनोज कुमार और मेरी सहेली ड्यूटी में तैनात महिला आरक्षक काजल पटेल, चाइल्ड लाइन की सुपरवाइजर निशा रत्नाकर ने प्लेटफार्म में पेट्रोलिंग के दौरान 2-3 में दो नाबालिग बालिकाओं को लावारिस हालत में बैठे हुए देखा। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह बिना परिजन को बताए घर से भागकर आ गई हैं और अपने रिश्तेदार के घर जा रही हैं। मामला संदिग्ध होने के कारण आरपीएफ की टीम ने दोनों नाबालिग बालिकाओं को देखरेख और संरक्षण के लिए चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 21 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





# हीटवेव से स्ट्रोक का खतरा

**शहर सहित पूरे क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दोपहर के समय चल रही गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण हीटवेव का असर लगातार बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि लापरवाही बरतने पर हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या हो सकती है, जो कई बार जानलेवा भी साबित होती है।**



## बुजुर्ग व बच्चे ना निकले, अत्यधिक पानी व तरल पदार्थ, फलों का करें सेवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी तेजी से होती है। लंबे समय तक धूप में रहने, पर्याप्त पानी नहीं पीने और अत्यधिक गर्म वातावरण में काम करने से शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है। इससे चक्कर आना, सिर दर्द, कमजोरी, उल्टी, तेज बुखार और बेहोशी जैसी शिकायतें सामने आ सकती हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत मरीज को ठंडी जगह पर ले जाकर प्राथमिक उपचार देने और डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई है। डॉक्टर ने विशेष रूप से बुजुर्गों, छोटे बच्चों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।



विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है, इसलिए वे गर्मी से जल्दी प्रभावित हो जाते हैं। डॉक्टरों ने कहा कि यदि बहुत जरूरी काम हो तभी घर से बाहर निकलें। बाहर जाते समय सिर को टोपी, गमछा या कपड़े से ढंककर रखें तथा हल्के और सूती कपड़े पहनें। तेज धूप में अधिक देर तक रहने से बचें और समय-समय पर छांव में आराम करें।

### इन फलों का करें सेवन

गर्मी से बचाव के लिए अधिक मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी बताया गया है। इसके साथ ही नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, लस्सी, ग्लूकोज और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहने की सलाह दी गई है। तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी और मौसमी फलों का सेवन शरीर को ठंडक देने के साथ पानी की कमी को भी दूर करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से खानपान में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। खुले में रखे खाद्य पदार्थों और बासी भोजन से बचने की सलाह दी गई है, क्योंकि गर्मी में फूड पॉइजनिंग और संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में सावधानी बरतें और जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लें, ताकि हिट वेव के दुष्प्रभावों से बचा जा सके।

### लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी

जिला स्वास्थ्य समिति बिलासपुर ने नागरिकों के लिए लू से बचाव संबंधी एडवाइजरी जारी की है। इन दिनों बिलासपुर में तापमान लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, जिससे हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी संदेश में बताया गया है कि लू लगने के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, चक्कर आना, बेहोशी, उल्टी-मितली, सिरदर्द तथा त्वचा का लाल और सूखा होना शामिल है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत छांव या ठंडी जगह पर जाएं, शरीर को ठंडा करें तथा पानी या ओआरएस दें। आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी अस्पताल में तत्काल उपचार कराएं। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे दिनभर पानी, ओआरएस, छाछ, नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। विभाग ने यह भी कहा है कि खाली पेट धूप में न निकलें तथा चाय, कॉफी और अधिक तले-भुने खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें। जिला स्वास्थ्य समिति ने नागरिकों से सतर्क रहते हुए गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने का आग्रह किया है।

---

- कराया जा रहा राष्ट्र, चरित्र निर्माण संबंधी विविध खेलों का अभ्यास
- उसलापुर में चल रहा दुर्गा वाहिनी का सात दिवसीय शिविर

# बालिकाओं को सिखाए जा रहे आत्मरक्षा, आत्मनिर्भरता के गुर

**पदमाक्षि ग्लोबल पब्लिक स्कूल उसलापुर में विहिप दुर्गावाहिनी का सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया है। इसमें प्रतिभागी बालिकाओं को 12 शिक्षिकाओं द्वारा आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए जा रहे हैं ताकि वे स्वावलंबन की ओर आगे बढ़ सके। वहीं राष्ट्र निर्माण, चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण से संबंधित विविध खेलों का अभ्यास कराया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रशिक्षण वर्ग में बताया जा रहा है कि हमारा भारत वर्ष अत्यंत प्राचीन और विश्व गुरु के रूप में सदैव पूज्य रहा है। हमारे मनीषियों ने ही यह प्रतिपादित किया है कि राष्ट्र केवल व्यक्तियों का समूह नहीं है अपितु सेवा, समर्पण और परिश्रम से भूमि को मातृभूमि मानने वाले लोगों का एक समुदाय है। राष्ट्र निर्माण के लिए नारी शक्ति सदैव तत्पर रहती है। इस वर्ग में 15 से 35 वर्ष तक किशोरी बालिकाओं और बहनों को शारीरिक प्रशिक्षण के अंतर्गत दंड अर्थात लाठी, रायफल व तलवार चलाने, कराते सिखा कर अनेक लोगों के समूह में कदम से कदम मिलाकर चलने की सीख दी जा रही है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी भाव, सांस्कृतिक परंपरा, नागरिक कर्तव्य बोध के संबंध में बताए जा रहे हैं। राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक दायित्वों से जुड़े विषयों पर वरिष्ठ वक्ताओं का मार्गदर्शन भी मिल रहा है। आपदा प्रबंधन, संकट की परिस्थितियों में समाज सेवा व सुरक्षा के व्यवहारिक प्रशिक्षण पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद के विभूति भूषण पांडेय, प्रतिमा, पूर्णेंदु सिन्हा, प्रेमलता बिसेन, सुश्री प्रज्ञा महालिया, जितेंद्र, बसंत रथ, सुनीता, शिशुपाल, भारती सिंह का सहयोग मिल रहा है।

### सौ से अधिक बहनें ले रहीं प्रशिक्षण

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने बताया कि 16 से 23 मई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में 34 जिलों की 105 बहनें प्रशिक्षण ले रहीं हैं। यह प्रशिक्षण साल में एक बार होता है। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बेटियों में आत्मरक्षा, साहस, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।




### सेवा, सुरक्षा, संस्कार आधारित दे रहे प्रशिक्षण

प्रशिक्षण वर्ग में बुधवार को पहुंची दुर्गा वाहिनी की राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा महालिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण वर्ग ग्रीष्म अवकाश में पूरे भारत वर्ष में आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में बिलासपुर में भी यह आयोजन हो रहा है। इसमें प्रतिभागी बालिकाओं व बहनों को शारीरिक व आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने एवं उनमें देशभक्ति का भाव जगाने प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सेवा, संस्कार व सुरक्षा पर आधारित है। वहीं सुरक्षा के साथ ही अखंडता, महिलाओं का सम्मान, गौ, मठ, धर्म शास्त्र की सुरक्षा के बारे में भी बताए जा रहे हैं। उन्होंने सती सावित्री की सतीत्व का उदाहरण देते हुए कहा कि पूरे धरा की रक्षा करने बालिकाओं को मजबूत बनानी होगी। अपना काम अपने पास रख कर करेंगे तो हिन्दुस्तान सशक्त होगा। संस्कारों को लेकर उनकी भावनाओं को जगाना होगा। शक्ति, साधना केंद्र, दण्ड, योगासन, सूर्य नमस्कार, व्यायाम का अभ्यास कराना होगा। इन चीजों के अभ्यास से सर्व सिद्धि होगी। वैचारिक परिवर्तन होगा। अपने संस्कार, संस्कृति की रक्षा के लिए काम करेंगे।

---



# प्रश्नोत्तरी, टैलेंट शो में दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा गीता पैलेस सरकंडा में आयोजित बाल संस्कार शिविर समर कैंप का प्रश्नोत्तरी, टैलेंट शो एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ बुधवार को समापन हुआ। इन आयोजनों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

संस्था के सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कि 15 से 20 मई तक चलने वाले इस शिविर में 117 बच्चों ने भाग लिया। जिन्हें पूरे शिविर के दौरान पेंटिंग, क्राफ्ट सिखा कर जुम्बा योग कराया गया। कीर्तन, भजन सिखा कर धर्म के बारे में सिखाया गया। देश की सेवा के लिए अपने अंतःकरण को कैसे शुद्ध करें, 84 लाख योनी के बाद मानव जन्म मिलने के बारे में बताया गया। समापन पर शिविर के दौरान सीखी चीजों का बच्चों ने प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी व टैलेंट शो में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें प्रथम, द्वितीय आए बच्चों सहित अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी बच्चों के अभिभावकों की क्लास लगा कर उन्हें शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक रविवार को राममंदिर तिलक नगर में शिविर में प्रशिक्षित बच्चों की क्लास ली जाएगी। अंत में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। प्रशिक्षण भुवनेश्वर आश्रम से आईं प्रियादासी व श्रद्धांजलि दीदी ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज मिश्रा व राकेश दुबे का सहयोग रहा। ज्ञात हो कि ब्रज गोपिका मिशन द्वारा प्रत्येक रविवार को सुबह 7 से 10 बजे तक संकीर्तन भी किया जाता है।

शिविर समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसपी जांजगीर-चांपा विजय पाण्डेय एवं डॉ रजनीश पाण्डेय ने संयुक्त रूप से कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने मंच भी मिलता है। ग्रीष्मकाल समय का सदुपयोग हो जाता है। ऐसे में इस तरह का शिविर लगाना एकदम बेहतर है।

---

**बच्चे नई प्रतिभाओं से हुए रूबरू**

# समर कैंप में ताइक्वाडों, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बैडमिंटन व क्राफ्ट का प्रशिक्षण

**कार्नर न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आओ सवारें कल अपना अभियान चेतना अभियान अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को खेल और मनोरंजन के साथ साथ शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ और मजबूत बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि युवा और बच्चे वर्ग मोबाइल, नशा, आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज में अच्छी और बेहतर कार्य कर सकें। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा स्कूल छुट्टी के दौरान बच्चों और युवाओं को नशा, मोबाइल और अपराध से बचाने और पुलिस से जुड़कर अपनी कला, खेल और मनोरंजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य कर अपनी सकारात्मक छवि बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस हेतु विभिन्न खेल और कला के प्रशिक्षित प्रशिक्षक द्वारा कैम्प में बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में पुलिस लाइन स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया का रहा है जिसमें वॉलीबॉल में लगभग 35 बच्चें, हैंडबॉल में लगभग 40 बच्चे, हॉकी में 70 बच्चें, रनिंग में 50 बच्चें, ताइक्वाडों में लगभग 70 बच्चें शामिल हैं जो राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जिन्हें लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समय-समय पर पुलिस अधीक्षक स्वयं पहुँच कर उनकी गतिविधियों की जानकारी लेते हैं और आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराते हैं।इसी क्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल भी साथ में बच्चों से भेंट कर योगा मैट वितरण किए और बच्चों को मार्गदर्शन दिए। अंतर्गत पुलिंस परिवार की युवती व महिलाओं के लिए सिलाई और क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है नवीन पुलिस लाइन कार्यालय मनोरंजन कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 60 से अधिक महिला और युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे हर वर्ग के लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से चेतना अभियान से जोड़ा गया है। ताकि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि के द्वारा लोगों बुरे कार्य व्यसन और आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें पुलिस के कार्यों में सहयोग करें।





---

**वेकैंसी**

## इंडियन आर्मी में टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स की भर्ती शुरू, 11 जून तक




**बिलासपुर।** इंडियन आर्मी की ओर से टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स के जरिये कुल 144 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। जो उम्मीदवार इंडियन आर्मी में शामिल होकर अपने सपना को पूरा करना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 11 जून, 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे तय समय के भीतर आवेदन अवश्य कर लें, अन्यथा बाद में उम्मीदवारों को मौका नहीं दिया जाएगा। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 27 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उम्मीदवारों की आयु की गणना 01 जनवरी, 2027 के आधार पर की जाएगी। टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स के लिए चयनित किए गए उम्मीदवारों को स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। योग्य उम्मीदवारों को प्रतिमाह 56,400 रुपये का स्टाइपेंड दिया जाएगा। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर साइंस में बीई, बीटेक या एमएससी किया हो।

**आयोजन**

## आक्सीजन देने वाले पौधों के रोपण व संरक्षण पर जोर



**बिलासपुर।** ब्रम्ह वनिताएं परशु सेना की बहनों ने गत दिनों एक बैठक आयोजित की। इसमें पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। सभी बहनों ने अधिक से अधिक आक्सीजन देने वाले पौधों के रोपण व संरक्षण पर अपने विचार रखे। संस्था की संस्थापिका शोभा त्रिपाठी ने अरपा किनारे ट्री गार्ड लगा कर नीम, बरगद के पौधे रोपने पर जोर दिया। संरक्षिका मीनू दुबे ने सभी बहनों को एक साथ मिलकर रहने और एकता का परिचय देने को कहा। अर्चना तिवारी ने इस बात का समर्थन किया। अंत में कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई एवं सभी ने जल संरक्षण पर चर्चा करते हुए अपने स्तर पर घरों में जल को बेकार न फेंक संरक्षण की शपथ ली। इस मौके पर कोर कमेटी के सदस्य रश्मि लता मिश्रा, मंजू, संजना मिश्रा, कविता शर्मा, रंजना शुक्ला, प्रेमलता दुबे, अनुपम, पुष्पा शुक्ला, नीतू तिवारी, आरती द्विवेदी, मीना मिश्रा, संगीता शर्मा, अर्चना शुक्ला, ममता त्रिपाठी, ममता मिश्रा, शशि, नंदिनी तिवारी, साधना दुबे, नैना, सुषमा, शशि प्रभा, संध्या पांडेय, कल्पना द्विवेदी, अरुणा मिश्रा उपस्थित थीं।

**कार्यक्रम**

## योग मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन सकारात्मक जीवनशैली का आधार



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग द्वारा आगामी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए शहर में योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा नागरिकों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने 10 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर श्रृंखला के अंतर्गत कोन्हेर गार्डन में योग शिविर हुआ। कार्यक्रम योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरव साहू के मार्गदर्शन एवं योग सलाहकार डॉ सत्यम तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। डॉ गौरव साहू ने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन एवं सकारात्मक जीवनशैली का आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को तनावमुक्त, अनुशासित एवं ऊर्जावान बनाता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव तारणीश गौतम को हरियर ऑक्सीजोन परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। शिविर में प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक विंकू भाटिया द्वारा प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया।

**धर्म-क्षेत्र**

## गुरबाणी, कीर्तन कर किया साध संगत को निहाल



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग साहिब दरबार में संत माता अद्दी अम्मा की याद में मासिक वर्सी मनाई गई। इस अवसर पर संगत ने सुखमणि साहिब का पाठ किया। बबल भाई साहेब ने गुरबाणी, कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। विश्व कल्याण के लिए अरदास की गई। सेवादारों ने बताया कि कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में सोनू लालचंदानी, सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, नरेश मेहरचंदनी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, अशोक जज्ञासी, श्रीचंद दयालानी, जगदीश जज्ञासी, गंगाराम सुखीजा, सुरेश माधवानी, दीपक लालवानी, नीलम लालवानी, मनन, डॉ सोनम, अक्षय, अशोक मतलानी, विकास बजाज, अमर लाल संतानी, अनीता नारवानी, पार्षद कंचन सुरेश वाधवानी, सोनिया कलवानी, पलक हर्जपाल, कंचन रोहरा, पलक माखीजा, ज्योति हिंदूजा, राखी इदनानी, वर्षा सुखीजा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भावेश का नवोदय में चयन, समाज में हर्ष



**लोरमी।** भावेश सिंह राजपूत ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवोदय विद्यालय में चयनित हुए। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सारधा में अध्यनरत भावेश मेघावी छात्र हैं एवं अपने मम्मी व परिवारजनों के सपनों को पूरा करना चाहते हैं। भावेश कलेक्टर बनकर समाज का सेवा करना चाहते हैं। इस अवसर पर राजपूत युवा मोर्चा ने होनहार बालक के सपनों को उड़ान देने के लिए उनके निवास पर सम्मानित किया।

### रोजगार मेला आज प्रतिष्ठित कंपनियों में होगी भर्ती

**मुंगेली।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र की ओर से 22 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जमकोर, जिला मुंगेली में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में इलेक्ट्रॉनिक मीटर टेक्नीशियन के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। वहीं सेल्स मैनेजर के 5 पदों तथा इंश्योरेंस एजेंट के 25 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे। जिला रोजगार कार्यालय ने योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होने की अपील की है। अभ्यर्थियों को जिला रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।

### पचपेड़ी सब-स्टेशन में लगा नया मेन पावर सप्लायर ट्रांसफार्मर



**मल्हार।** पिछले 15 दिनों से बिजली की भारी किल्लत और अघोषित कटौती का सामना कर रहे पचपेड़ी क्षेत्र वासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। पचपेड़ी सब स्टेशन में आखिरकार एक नया 'मेन सप्लायर' स्थापित कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में लंबे समय से चरमराई विद्युत व्यवस्था अब पटरी पर लौट आई है। बीते दो सप्ताह से बिजली की लगातार आवाजाही और लो-वोल्टेज के कारण स्थानीय निवासियों का हाल बेहाल था। इस समस्या के चलते न केवल रोजमर्रा के घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे थे, बल्कि स्थानीय व्यापार, दुकानों और कृषि कार्यों पर भी बहुत बुरा असर पड़ रहा था। 15 दिनों से चल रही इस परेशानी को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश था। हालांकि स्थिति को देखते हुए पचपेड़ी सब-स्टेशन में नया मेन सप्लायर लगाकर पुरानी व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया गया है। इस नई मशीनरी के चालू होते ही क्षेत्र में निर्बाध और सुचारू बिजली आपूर्ति फिर से बहाल हो गई है। इस कदम से ग्रामीणों और व्यापारियों ने एक बड़ी राहत की सांस ली है।

### महिला के साथ अभद्रता व मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** ससुर को गाली देने से मना करने पर देवर ने भाभी के अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटवापारा निवासी संध्या सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 19 मई की शाम 7 बजे वह घर में आराम कर रही थी, तभी उसका देवर वीरेंद्र घर के बाहर ससुर विरेंद्र सोनी के साथ गाली-गलौज कर रहा है था। जब संध्या ने उसे ऐसा करने से मना किया तो, वीरेंद्र ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया।

### एटीआर कंचनपुर बनी फ्लड नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता



**लोरमी।** जेपीएल फ्लड नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हाईस्कूल ग्राउंड मोहबंधा में मंगलवार को खेला गया। इस दौरान मुख्य अतिथि युवराज पवन दास व विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल दास रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल सलूजा ने की। फाइनल मैच 8-8 ओवर का खेला गया, जो एटीआर कंचनपुर बनां उपसरपंच इलेवन बांधी के मध्य हुआ। टॉस जीतकर उपसरपंच इलेवन बांधी ने बल्लेबाजी का निर्णय लिया एवं निर्धारित 8 ओवर में 70 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एटीआर कंचनपुर ने 5 ओवर 2 गेंद में विजयी हासिल कर ली। निखिल ने एटीआर कंचनपुर की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते हुए 14 बालों में 44 रनों की पारी खेली। वहीं तीसरे और चौथे स्थान के लिए सिद्ध बाबा इलेवन मोहबंधा व प्रिंस फाइटर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सिद्ध बाबा इलेवन मोहबंधा ने बाजी मारी। इस अवसर पर जिसमें मुख्य आयोजक के रूप में राजू ध्रुवे, पिंटू मार्को, संजय कोलाम, कृष्णा यादव, देवा वैष्णव, पिंटू यादव, जीराखन यादव, धर्मेंद्र यादव, बालगोविंद यादव, रामू जायसवाल, संदीप साहू, प्रवीण वैष्णव, मनीष तिवारी, तौरेत बख्श, अभिजीत तिवारी शिक्षक, शशांक वैष्णव, शिवेंद्र, शिक्षक नेताम एवं समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## दवाइयों की आनलाइन बिक्री व भारी छूट का किया विरोध

# जिले की दवा दुकानें रहीं बंद केमिस्ट संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर देश भर के केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट्स द्वारा अवैध एवं अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री तथा जन स्वास्थ्य एवं लाखों छोटे केमिस्ट के अस्तित्व से जुड़े गंभीर मुद्दों के विरोध में राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिले की सभी दवा दुकानों को पूरी तरह बंद रखकर आंदोलन को सर्वसम्मति से समर्थन प्रदान किया गया। हड़ताल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित



तहसीलदार को ज्ञापन देते केमिस्ट एसोसिएशन।

ज्ञापन संभागीय आयुक्त, जिलाधीश, एसडीएम, तहसीलदार के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जीएसआर 817 (ई) एवं जीएसआर 220(ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, जिनका दुरुपयोग विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स एवं क्विक कॉमर्स ऑपरेटर्स द्वारा दवाओं की अनियंत्रित डिलीवरी के लिए किया जा रहा है। केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट्स ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, दवाएं सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं तथा उचित सत्यापन के बिना उनकी अनियंत्रित ऑनलाइन बिक्री जन स्वास्थ्य, मरीजों की सुरक्षा एवं ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के अंतर्गत स्थापित नियामकीय व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। यह हड़ताल पूरी तरह शांतिपूर्ण रही तथा इसे केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट समुदाय का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। एसोसिएशन ने जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक एवं आपातकालीन दवाएं उपलब्ध कराकर मानवीय दायित्व का भी निर्वहन किया।

### तखतपुर में भी दिखा बंद का असर, मरीज परेशान



**तखतपुर।** ऑल इंडिया केमिस्ट संघ के आह्वान पर 20 मई को तखतपुर की सभी दवा दुकानें बंद रहीं एवं व्यापारियों ने संघ के समर्थन में आवाज बुलंद की। ऑल इंडिया केमिस्ट संघ ने दवा के क्षेत्र में हो रही अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए एक दिवसीय बंद का ऐलान किया था। संघ का कहना है कि, लगातार दवा व्यवसायियों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। बार-बार संघ की इस समस्या के हल के लिए कोई सार्थक पहल नहीं की गई, तब आंदोलन करना पड़ रहा है। संघ की मांग है कि दवा कि, आनलाइन बिक्री बंद की जाए, नकली दवाइयों से देश को बचाया जाए और भारी डिस्काउंट को बंद किया जाए। दवा दुकानों के बंद होने से मरीज और उसके परिजन दिनभर भटकते नजर आए। मरीजों को डॉक्टर तो मिल गए, लेकिन दवा नहीं मिल पाई, जिससे दिनभर उन्हें परेशान रहना पड़ा।

### मेडिकल व्यवसाइयों ने किया ऑनलाइन फार्मेसी का विरोध




**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर में बुधवार को ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध एवं विभिन्न मांगों को लेकर रतनपुर के दवा व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। देशभर के केमिस्ट एवं दवा वितरकों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा 20 मई को आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का असर रतनपुर में भी देखने को मिला। नगर के अधिकांश मेडिकल स्टोर पूरे दिन बंद रहे, जिससे दवा बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन फार्मेसी पर नियंत्रण लगाने, छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा करने तथा दवा व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। व्यापारियों का कहना है कि, ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण स्थानीय मेडिकल स्टोर संचालकों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है।

### क्षेत्र की 200 से ज्यादा दवा की दुकानें रहीं बंद




**मल्हार।** ऑनलाइन दवा बिक्री और कार्पोरेट डिस्काउंट के विरोध में एआईओसीडी के आह्वान पर पूरे देश के दवा दुकानदारों ने 20 मई को एक दिवसीय बंद का एलान किया था, जिसका समर्थन करते हुए मस्तूरी क्षेत्र के दो सौ से ज्यादा दवा दुकानें बुधवार को पूर्ण रूप बंद रहीं। बंद के चलते दवा लेने वाले मरीज व परिजन भटकते रहे। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा इमरजेंसी के लिए सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रखा था, इसके अलावा धनवंती व जनऔषधि केंद्र खुले रहे, जहां लोगो ने जरूरी दवाइयां खरीदी। बिलासपुर जिला औषधि विक्रेता संघ ने एक दिवसीय पूर्ण बंद को सफल बनाने अपील की थी, जिसका असर भी देखने को मिला। क्षेत्र के बड़े स्थान मस्तूरी, मल्हार, सीपत, पचपेड़ी, जोन्धरा, लोहर्षि, चिल्हाटी, जयरामनगर, टिकारी, परसदा, खम्हरिया के अलावा सभी ग्रामीण इलाकों के दवा दुकानें बंद रहीं।




हरी झण्डी दिखाते विधायक श्री मोहले।

### जिले को मिले 7 अत्याधुनिक डायल 112 आपातकालीन वाहन

**मुंगेली।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम' योजना के तहत जिले को बड़ी सौगात मिली है। जिले की कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और त्वरित आपातकालीन सेवाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिले को 7 अत्याधुनिक 'डायल सीजी 112' आपातकालीन वाहन प्राप्त हुए हैं। इन वाहनों को जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

■ विधायक मोहले ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

गौरतलब है कि, 18 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर के लिए 400 आपातकालीन वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई थी। इसी श्रृंखला में जिले को भी 7 नए आधुनिक वाहन मिले हैं, जो अब जिले के विभिन्न थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर कुन्दन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक मोहले ने कहा कि, केंद्र सरकार की यह पहल सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने वाली है। उन्होंने कहा, इन वाहनों के माध्यम से दुर्घटना, अपराध या किसी भी आपात स्थिति में लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध होगी। विधायक ने इस पहल को सुरक्षा और त्वरित सहायता व्यवस्था को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया है। कलेक्टर ने कहा कि इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम के तहत मिले अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ये वाहन जिले की कानून व्यवस्था और आपदा प्रबंधन को नई मजबूती देंगे। उन्होंने कहा, प्रशासन का प्रयास रहेगा कि, सूचना मिलते ही न्यूनतम समय में सहायता उपलब्ध कराई जाए। एसएसपी ने कहा कि, पुलिसिंग को हाईटेक और क्विक रिस्पॉन्सिव बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम है। इन वाहनों को जिले के प्रमुख एवं संवेदनशील थानों में तैनात किया जाएगा, जिससे पुलिस बल आधुनिक संसाधनों के साथ 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तैयार रहेगा।

### नाबालिग के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** नाबालिग के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को आरोपी शनिराम ध्रुव पिता दुजराम ध्रुव उम्र 21 वर्ष निवासी निवासी कुसमुली ने बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर उसकै शारीरिक शोषण किया। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा 4, 6 एवं बीएनएस 64 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## आबादी वाले क्षेत्र में घुसा सफेद भालू, ग्रामीणों में दहशत



**पेंड्रा।** पेंड्रा क्षेत्र के आमाडांड और बसंतपुर गांव में मंगलवार सुबह उस समय दहशत फैल गई, जब जंगल से भटककर एक दुर्लभ सफेद भालू आबादी वाले इलाके में पहुंच गया। सुबह करीब 5 बजे भालू को गांव के मुख्य चौक और बस स्टैंड के आसपास घूमते देखा गया, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान आमाडांड क्षेत्र में स्कूल के सामने रहने वाले कैलाश कुमार कासीपुरी पर भालू ने हमला कर दिया।

बताया जा रहा है कि, कैलाश सुबह शौच के लिए घर से बाहर निकले थे, तभी भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके बाएं हाथ में गंभीर चोट आई है। भालू ने कुछ अन्य ग्रामीणों को भी दौड़ाया, जिससे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और डिप्टी रेंजर बंजारे मौके पर पहुंचे। वन कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और घायल युवक को तत्काल पेंड्रा अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। इधर, गांव के पास सफेद भालू दिखाई देने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। भीड़ बढ़ने से सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। वन विभाग की टीम लगातार भालू की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगलों की अंधाधुंध कटाई और लगातार लग रही आग के कारण वन्य जीव अपने प्राकृतिक आवास छोड़कर रिहायशी इलाकों की ओर आने को मजबूर हो रहे हैं।

### जपं सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

**मल्हार।** क्षेत्र के समग्र विकास एवं ग्रामीण समस्याओं के निराकरण को लेकर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर विभिन्न जनहित एवं विकास कार्यों के संबंध में चर्चा कर आवेदन पत्र सौंपा। उन्होंने क्षेत्र के कई ग्रामों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, वृक्षारोपण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु मांग पत्र सौंपा। जनपद सदस्य कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं आज भी कई स्थानों पर आवश्यक हैं, जिनके पूर्ण होने से आमजन को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण कराने की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने कलेक्टर के जनहितकारी कार्यों एवं सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए कहा कि, उन्हें प्रशासन पर पूर्ण विश्वास है कि, क्षेत्र की समस्याओं एवं मांगों पर संवेदनशीलता के साथ शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी में बिजली ट्रिपिंग से आम जनता त्रस्त

**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगंगा फास्टरपुर परिक्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और लगातार हो रही बिजली की ट्रिपिंग से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। एक ओर तापमान 40 से 45 डिग्री के पार पहुँच चुका है वही दूसरी ओर दिन में 4-5 बार और रात में 2-3 बार बिजली बंद हो जाने से लोगो का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग घरो में पंखा, कूलर और एसी के सहारे गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लगातार बिजली गुल होने से हालत और खराब हो रही है। ग्रामवासियों का कहना है कि, दिन में 4 से 5 बार और रात में 2 से 3 बार बिजली ट्रिपिंग हो रही है, बार-बार बिजली बंद होने से लोग पसीने से तरबतर होकर वर्षों पुराने साधन हाथ पंखा के सहारे समय बिताने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि, इस भीषण गर्मी में छोटे बच्चो, बुजुर्गो और मरीजो को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। गर्मी और लू के कारण उल्टी-दस्त और अन्य बिमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

मेंटनेंस के बाद भी नही सुधरी व्यवस्था– आम नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि, हर वर्ष मानसून पूर्व मेंटनेंस के नाम पर कई घंटों तक बिजली बंद रखी जाती है। इस वर्ष भी अप्रैल माह में -3 घंटे विद्युत केन्द्रों में मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद कर दी गई थी। बावजूद इसके यदि दिन मे 4 से 5 और रात में 2–3 बार बिजली ट्रिपिंग हो रही है, तो लोग पूछ रहे हैं कि, ये आखिर कैसा मेंटनेंस था। सेतगंगा फास्टरपुर क्षेत्र में पदस्थ जेई को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि, बिजली संबंधी शिकायत या जानकारी के लिए कार्यालय और जेई को



फोन लगाया जाता है तो वे फोन नहीं उठाते। सेतगंगा फास्टरपुर परिक्षेत्र की आम जनता ने क्षेत्रिय सांसद एवं विधायक से बिजली व्यवस्था सुधारने में हस्तक्षेप करने की मांग की है। साथ ही विपक्षी दलो के नेताओं और जनप्रतिनिधियों से भी आगे आकर जनता के समस्या के निदान हेतु सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की है। ग्रामीणों में जनपद सदस्य प्रतिनिधी कमल लोचन टोण्डर, नीरज केशरवानी, डॉ रामजी शर्मा, नरेन्द्र जायसवाल, जगकुमार शास्त्री, अनिश सेमुएल मसीह, केशव सिंह परिहार, हीरा कश्यप, कन्हैया गुप्ता, निरंजन टोंडर, संतोष देवांगन, योगेश केशरवानी, अर्पण बेंजामिन, मनोहर यादव, प्रमोद सोनी, संतोष चौहान, उमाशंकर देवांगन, प्रवीण दास, किशन गुप्ता, राजू सोनी, रमाकांत सोनी का कहना है कि, विभाग के द्वारा मेंटनेंस के नाम पर 2-3 घण्टा बिजली बंद कर दी जाती है। रात हो या दिन, किसी भी समय बिजली गुल हो जाती है। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी इसकी कोई समय सारणी नहीं है।

### खाद व बीज की सुचारू वितरण व्यवस्था हेतु समन्वय बैठक

# खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए: मोहले

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2026 हेतु खाद एवं बीज की सुचारू वितरण व्यवस्था को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान बैठक में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, कलेक्टर कुन्दन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, तीनों अनुविभागों के एसडीएम, जनपद पंचायत अध्यक्ष मुंगेली रामकमल सिंह




परिहार, कृषि विभाग के उपसंचालक वीणा ठाकुर, सहायक संचालक कृषि ललिता मरावी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सुभाष सोनी, जिला उर्वरक निरीक्षक मनहरण कुर्रे, जिला किसान संघ अध्यक्ष, कृषि स्थायी समिति के सभापति, प्रगतिशील किसान तथा थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। कृषकों के ऋण पुस्तिका में वितरित खाद का अनिवार्य रूप से अंकन किया जाए, जिससे एक ही किसान द्वारा अलग–अलग स्थानों से उठाव न हो। उन्होंने कहा कि किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड की जानकारी दें तथा मृदा परीक्षण के आधार पर खरीफ सीजन में आवश्यक खाद उपयोग के संबंध में जागरूक करें। सभी समितियों एवं दुकानों में खाद की रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा किया जाए तथा निर्धारित दर पर ही खाद वितरण सुनिश्चित हो। जिले के सभी किसानों को डिजिटल ऋण पुस्तिका शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। संयुक्त खातेदार किसानों को उनके हिस्से के अनुपात में खाद वितरण किया जाए, ताकि किसी भी किसान को परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि मुंगेली कृषि प्रधान जिला है, इसलिए खरीफ सीजन में खाद–बीज वितरण की व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। सभी कृषकों को सहकारी एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से खाद उपलब्ध कराया जाएगा और किसानों को किसी भी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

### ताइक्वांडो विजेताओं का बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर स्वागत



**सीपत।** हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर लौटे डिफेंस ताइक्वांडो क्लब बिलासपुर के खिलाड़ियों का बुधवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर फूलमाला और बैंड-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जैसे ही खिलाड़ी स्टेशन पहुंचे, वहां मौजूद परिजनों, अभिभावकों, खेल प्रेमियों और क्लब प्रबंधन ने फूलमालाएं पहनाकर उनका भव्य अभिनंदन किया। बैंड-बाजों की गूंज और स्वागत नारों के बीच पूरे स्टेशन परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। खिलाड़ियों के स्वागत के दौरान बिलासपुर के शेर और छत्तीसगढ़ का गौरव जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। वहीं अपने बच्चों को जीतकर बिलासपुर लौटते देख कई अभिभावक भावुक हो गए और उन्हें गले लगाकर अपनी खुशी जाहिर की। यह दृश्य सभी के लिए बेहद भावुक और गर्व से भरा रहा।

## खबर संक्षेप

### पति की मौत के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी




**बिलासपुर।** पति की मौत के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, गोपालपुर निवासी रामनारायण केंवट की शादी चार साल पहले सुनीता बाई केंवट 23 साल से हुई थी। 17 मई को रामनारायण केंवट की टुल्लू पंप चालू करते समय करंट लगने से मौत हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी गुमसुम रहने लगी। 19 मई की रात सुनीता बाई केंवट ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### खड़े ट्रक से 294 लीटर डीजल चोरी

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी निवासी संजय अग्रवाल बेवरेज ट्रासपोर्ट का काम करते हैं। उन्होंने अपने ट्रक क्रमांक सीजी 10 आर, 1066 में 18 मई को 294 लीटर डीजल भराया था। 19 मई को उनका ड्राइवर बेवरेज कारपोरेशन के गेट के सामने खड़ा किया और रात 11 बजे खाना खाकर सो गया। सुबह 6 बजे ड्राइवर उठा तो गाड़ी के टंकी का लाक टूटा हुआ था और 294 लीटर डीजल चोरी हो गई थी।

### पांच साल बाद पकड़ा गया फरार वारंटी

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने



मुखबिर की सूचना पर पांच साल से फरार रेलवे के फरार वारंटी को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में बिलासपुर रेल मंडल में रेल संपत्ति चोरी के मामले में धारा 3 (ए) आरपीयूपी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया था। छानबीन करने के उपरांत आरोपी सिंधी कालोनी मधुकर गली कस्तूरबा नगर निवासी शशांक मार्टिन उर्फ शंकू पिता स्वर्गीय सुरेश 30 वर्ष को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से जमानत में बाहर आने के बाद उसने उपस्थिति देना बंद कर दिया, जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ वारंट जारी कर आरपीएफ को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। पांच साल के बाद मुखबिर की सूचना मिलने के बाद एसआईपीएफ मनीषा कुमारी मीणा, आरक्षक बी राय ने आरोपी के निवास पहुंचकर गिरफ्तार करने के उपरांत सूचना परिजन को दी। न्यायालय ने वारंटी शशांक मार्टिन को 1000 रुपए अर्थदंड से दंडित कर मामले का अंतिम निपटारा किया।

---

**निगम की कार्रवाई** | **अभियान बिजली आफिस तक चला, गुरुवार को इसके आगे के कब्जे हटाए जाएंगे**

# भारी हंगामे और विरोध के बीच अशोकनगर में तोड़ीं गई 22 पक्की गुमटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर से बिरकोना मार्ग को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। हालांकि इस सड़क निर्माण में अभी कई बाधाएं हैं। मार्ग में बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट तक 16 छोटे और एक बड़ा मंदिर है जो मुख्य सड़क पर कब्जा करके बनाए गए हैं। साथ ही कुछ घर और गुमटियां भी अवैध कब्जे में है।

सड़क पर 40 से अधिक बिजली के पोल हैं। निगम की टीम ने बुधवार को कब्जा हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान जमकर हंगामा मचाया गया। भारी विरोध के बीच निगम की टीम ने 22 पक्की गुमटियों को तोड़ दिया। इन गुमटियों के नीचे सीमेंट का निर्माण कर लिया गया था। यह अभियान अशोकनगर चौक से बिजली आफिस तक चला। गुरुवार को इसके आगे के कब्जे हटाए जाएंगे। गौरलतब है कि शहर के लिए सड़क निर्माण की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। अशोकनगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके लिए अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। इस नाली को छात्रावास के आगे बने कल्वर्ट में जोड़ा जा रहा है।



नगर निगम की कार्रवाई का विरोध करते नागरिक।

### नाली को तिरछा और टेढा मेढ़ा बनाने का आरोप

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। प्रस्तावित गौरव पथ के नाम पर शुरू हुआ नाली निर्माण फिलहाल जनता के लिए मुसीबत बन गया है। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाए। साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। फिलहाल जो नाली बन रही है उसमें भी कुछ चहेते लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नाली सीधी बननी है लेकिन उसे जगह-जगह से मोड़ दिया गया है।

### की गई है कार्रवाई

निगम की टीम ने बुधवार को कब्जा हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान भारी विरोध के बीच निगम की टीम ने 22 पक्की गुमटियों को तोड़ दिया है। इन गुमटियों के नीचे सीमेंट का निर्माण कर लिया गया था। यह अभियान अशोकनगर चौक से बिजली आफिस तक चला। गुरुवार को इसके आगे के कब्जे हटाए जाएंगे।

**- श्रीमती पूजा विधानी**
महापौर

---

**मेलापारा पानी टंकी से बुधवार की सुबह पानी सप्लाई ठीक से नहीं हो सकी**

# सरंकडा में पानी के लिए फिर हाहाकार, मंगला में दूषित पानी से महिलाएं-बच्चे हुए बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ जहां पिछले एक सप्ताह से सरकंडा में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा है तो अब मंगला में गंदे और दूषित पानी की सप्लाई से लोग बीमार पड़ रहे हैं। कई लोगों को पीलिया की शिकायत भी हुई है और अस्पताल तक ले जाना पड़ा है। सरकंडा में एक दिन पहले जहां व्यवस्था ठीक की गई तो बुधवार की सुबह पानी सप्लाई बंद हो गई। इससे लोग परेशान हो गए। इस भीषण गर्मी में टैंकर भी 12 बजे के बाद पहुंचा। इस दौरान पार्षद श्रीमती सीमा राजेश शुक्ला ने वार्ड में ही चल रहे एक निजी निर्माण के दौरान हुए बोर से लोगों को पानी उपलब्ध कराया। लोग बाल्टी और दूसरे बर्तनों में पैदल पानी ले जाते दिखाई दिए।

■ **लोग बाल्टी और दूसरे बर्तनों में पैदल पानी ले जाते दिखाई दिए, टैंकर भी भेजा गया**

गौरतलब है कि सरकंडा में एक सप्ताह से पानी की समस्या है। गंदे पानी के साथ ही पानी सप्लाई नहीं की परेशानी है। नगर निगम की टीम ने पूरे क्षेत्र की पाइप लाइन को खाली करते हुए सफाई की। साथ ही अशोकनगर पानी टंकी से सप्लाई काटते हुए मेलापारा पानी टंकी से सप्लाई शुरू की गई थी। इस दौरान एक एक-घर का सर्वे करते हुए पानी का सैंपल लिया गया। दावा किया गया कि अब पानी सप्लाई शुचारू रूप से रहेगी। बुधवार की सुबह लेकिन हाहाकार मच गया। अशोकनगर से लाइन काट दी गई थी और मेलापारा से सप्लाई की ही नहीं गई। इससे भोजन बनाने से लेकर नहाने और दूसरे कामों पर असर पड़ा। पार्षद की ओर से इस बारे में निगम में शिकायत की गई को टैंकर भेजने के साथ ही मरम्मत कार्य शुरू किया गया।






मंगला में दूषित पानी का शिकायत को लेकर खड़ी महिलाएं व पीलिया से पीड़ित बच्चे।

### बदली गई पाइप लाइन

सुधार कार्य के दौरान नगरोत्थान योजना अंन्तर्गत प्रगतिरत कार्य अशोक नगर चौक से बिरकोना रोड से विस्तारित पाइप लाईन से कपिल नगर सरकण्डा क्षेत्र का जलप्रदाय काट दिया गया है एवं वैकल्पिक रूप से मेलापारा क्षेत्र के पाईप लाईन से जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही कपिल नगर क्षेत्र के पाइप लाइन का स्कावरिंग एवं पाईप लाइन क्लोरिनेशन का कार्य किया गया है। निगम के मुताबिक क्षेत्र के जल प्रदाय पर जनप्रतिनिधि एवं नागरिको के साथ मिलकर लगातार संयुक्त निगरानी की जा रही है। पार्षद श्रीमती सीमा राजेश शुक्ला के मुताबिक शकुंतला हाइट्स के पास से 20 फिट पाइपलाइन बदला गया है। इससे फिलहाल तो साफ पानी आ रहा है।

### नाली और सड़क निर्माण के कारण परेशानी

निगम के मुताबिक कपिल नगर सरकण्डा क्षेत्र में गंदे पानी आने की शिकायत पर जोन क्रमांक 08 के जल प्रदाय शाखा एवं मुख्य कार्यालय के जल विभाग के संयुक्त टीम द्वारा वार्ड पार्षद एवं नागरिको की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि नगरोत्थान योजनान्तर्गत अशोक नगर से बिरकोना मार्ग पर निर्माणाधीन मार्ग एवं नाला निर्माण के खुदाई कार्य के दौरान कपिलनगर सरकण्डा क्षेत्र हेतु विस्तारित डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। इसके बाद सुधार कार्य शुरू किया गया। कपिल नगर क्षेत्र के घरेलू नल संयोजन की जांच की गई। साथ ही 3 घरेलू कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण कनेक्शन काटा गया है। इस क्षेत्र में प्रदाय किए जाने वाले जल के सेम्पल लिए गए है, एवं परीक्षण हेतु भेजे गए है।

### मंगला क्षेत्र में फैल रहा पीलिया, ध्यान नहीं

मंगला क्षेत्र में भी गंदे पानी की शिकायत की जा रही है। इस क्षेत्र कई स्लम बस्तियां हैं। इन बस्तियों में पेयजल की आपूर्ति के लिए कई साल पहले पाइप लाइन को नालियों के भीतर से गुजारा गया है। नालियों से गुजरे पाइप में नालियों का गंदा पानी भर जाता है। पानी की आपूर्ति के दौरान वह पानी लोगों के घरों तक पानी पहुंचता है और इसी पानी का लोग सेवन भी करते है। इसी गंदा पानी पीने की वजह से हर साल शहर पीलिया, डायरिया और कई जलजनित बीमारियां होती हैं। इस साल भी लोग बीमार पड़ रहे हैं लेकिन प्रशासन का ध्यान नहीं है। वार्ड पार्षद रमेश पटेल का कहना है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर पाइप लाइन काटकर बीच से अपने घरों में जोड़ लिया है। इससे समस्या बढ़ी है। इसे ठीक किया जा रहा है।

### व्यवस्था अब ठीक है

अशोकनगर पानी टंकी से सप्लाई काटते हुए मेलापारा पानी टंकी से सप्लाई शुरू की गई है। लोगों को पहले ही बता दिया गया था कि सुबह 6 से 7.30 तक और शाम को 5.15 से 6.45 बजे तक टंकी से पानी दिया जाएगा। वार्डवासियों ने ध्यान नहीं दिया इसलिए परेशानी हुई। जहां भी शिकायत थी वहां पाइल लाइन बदल दी गई है। व्यवस्था अब ठीक है।

**- अनुपम तिवारी**, प्रभारी
जल शाखा

---

# मस्तूरी के दो आरक्षकों ने मंथली लेकर शराब बेचने की दी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोगों की शिकायत पर मस्तूरी पुलिस ने क्षेत्र के एक कोचिए को अवैध शराब के साथ पकड़ लिया। आरोपी कोचिए ने थाने के दो आरक्षकों पर मंथली पैसा लेकर शराब बेचने छूट देने का आरोप लगा दिया है। टीआई ने दोनों आरक्षकों के खिलाफ रोजनामचा में रिपोर्ट डाली है। बहरहाल अब तक दोनों पर कार्रवाई नहीं हुई है।

15 मई को ग्राम कुडूभाठा के ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से गांव में एक कोचिया के द्वारा अवैध शराब बेचने की शिकायत की। अधिकारियों के निर्देश पर मस्तूरी टीआई कृष्णचंद सिदार ने स्टाफ के साथ गांव में दबिश देकर कोचिया राजेश यादव को पकड़कर उसके पास से 51 पाव देशी शराब बरामद किया। पूछताछ में कोचिया ने मस्तूरी थाना के आरक्षक अरिवंद कुर्रे, रोहित पाटले पर मंथली पैसा लेकर अवैध शराब बेचने की छूट देने की बात कही। टीआई श्री सिदार ने दोनों आरक्षकों के खिलाफ पैसा लेकर अवैध शराब बिकवाने की रोजनामचा में रिपोर्ट डाली है। कोचिया को अवैध शराब बेचने की छूट देने वाले आरक्षकों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

■ **कोचिए ने पुलिस विभाग के आरक्षकों पर लगाया आरोप**

ज्ञात हो कि पूर्व में मस्तूरी थाना के तीन पुलिसकर्मी दर्रीघाट के एक ढाबा संचालक को पुराने थाने में लाकर अवैध शराब बेचने में कार्रवाई करने का डर दिखाकर पैसा देने दबाव बनाया जा रहा था। शिकायत पर तत्काल तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया गया था।

### मामले की जांच की जा रही

कोचिया के द्वारा दो आरक्षकों पर पैसा लेने का आरोप लगाया गया है। उसके आरोप की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-कृष्णचंद्र सिदार**
मस्तूरी टीआई

### सिपाहियों पर लगातार लग रहे आरोप

ग्रामीण क्षेत्र के थानों में पदस्थ आरक्षकों पर लगातार अवैध शराब बेचने को पकड़कर लेनदेन कर छोड़ने वाले का आरोप लग रहा है। शिकायत के आधार पर एसएसपी के द्वारा सख्ती से पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उसके बाद भी सिपाही बेखौफ अवैध शराब बेचने वाले कोचियों से सांठगाठ कर गांव गांव में अवैध शराब बिकवाने में संलिप्त नजर आ रहे हैं। पूर्व में सकरी थाने का एक आरक्षक अवैध शराब की तस्करी मामले में जेल गया था।

---

# एक दिन में चार मकानों में चोरों का धावा जेवर व अन्य सामान ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** चोरों ने एक दिन में चार मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर श्याम परिसर निवासी भुनेश्वर दुबे पिता हरदेव दुबे 13 मई को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर सास की तबियत खराब होने पर ससुराल राजिम चले गए थे। 19 मई को पड़ोस में रहने वाले उनके दोस्त रिखी ठाकुर ने उन्हें फोन में सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। वे राजीम से वापस अपने घर आए तो ताला टूटा मिला। आलमारी खुली हुई थी, उसमें रखा सोने का झूमका एक जोड़ी, सोने की चेन, अंगूठी तीन नग, सोने की बिंदिया, बाली एक जोड़ी, पायल, करधन चोरी हो गई थी और रोशनदान भी टूटा हुआ था। दूसरी घटना में सीपत खम्हरिया निवासी प्रिंस खरे पिता सहदेव प्रसाद खरे 18 मई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर कोरबा मुढहाली चले गए थे। 19 मई को वे परिवार के साथ वापस आए तो ताला टूटा मिला। आलमारी से सोने की माला, टाप्स, अंगूठी, लाकेट, नथनी, फुल्ली, चांदी की चेन, कमरबंद, बाजूबंद, चाबी छल्ला, बिछिया व नकद रकम की चोरी हो गई थी। तीसरी घटना में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी राज चंद्रा पिता मनोज चंद्रा मुंगेली नाका में मोमोज दुकान चलाते हैं। 19 मई की सुबह वे अपने अपना मोबाइल तकिए के नीचे रखकर सो गए थे। सुबह 10 बजे वे सोकर उठे तो 30 हजार का मोबाइल चोरी हो गई थी। चौथी घटना में कोतवाली थाना क्षेत्र के टिकरापारा मन्नू चौक निवासी काजल कुर्रे पति तुशेन कुर्रे 19 मई की सुबह 8 बजे रूम में सोई थी। दोपहर 12 बजे सोकर उठी तो उनका टेबलेट, मोबाइल, साउंड बाक्स चोरी हो गई थी। पुलिस चारों मामले में अपराध कायम कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

---

# पिकनिक के दौरान मारपीट, हमलावर के साथी को देखकर सिम्स में पीड़ित पक्ष ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिकनिक के दौरान हुई मारपीट के मामले में एक हमलावर के साथी को सिम्स में देखकर पीड़ित पक्ष के युवक व नाबालिगों ने उसे घेरकर इलाज की रकम देने की मांग को लेकर जमकर हंगामा मचाया। कोतवाली पुलिस को सिम्स पहुंचकर हंगामा शांत कराना पड़ा।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, दो दिन पहले कतियापारा का एक युवक नाबालिग बच्चों को लेकर कलमीटार पिकनिक मनाने गया था। वहां पहले से घुटकू के कुछ बच्चे व युवक पिकनिक मनाने गए हुए थे। पिकनिक मनाने के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिससे घुटकू के बच्चों ने फोन अपने साथियों को बुला लिया। युवकों के द्वारा कतियापारा के नाबालिग बच्चों के साथ जमकर मारपीट की गई थी, जिससे एक बच्चे का हाथ फैक्टर हो गया है। उसका निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा था। निजी हास्पिटल में पैसा अधिक लगने से 20 मई को कतियापारा के लोग घायल नाबालिग को इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। इसी दौरान उन्हें पिकनिक के दौरान हमलावरों के साथ आया एक युवक नजर आ गया।



सिम्स चौकी में हंगामा मचाते युवक।

कतियापारा के युवक व नाबालिगों ने उक्त युवक को घेरकर इलाज के दौरान हुई खर्चे की रकम लौटाने की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगे। जिससे सिम्स में हड़कप मच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस सिम्स पहुंच गई। घायल नाबालिग उक्त हमलावर के साथी युवक को थाने लेकर चली गई। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को रतनपुर थाने में रिपोर्ट लिखाने की बात कहते हुए समझाइश देकर दोनों को थाने से छोड़ दिया है।

---

# अवैध खनिज उत्खनन करने वाले 20 वाहन जब्त



**बिलासपुर।** खनिज विभाग ने अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाकर 2 पोकलेन मशीन, 1 जेसीबी मशीन तथा 20 वाहनों को जब्त किया है।

उप संचालक खनिज प्रशासन किशोर गोलघाटे ने बताया कि ग्राम महमंद सीपत क्षेत्र में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना वैध अभिवहन पास के रेत परिवहन करते पाए जाने पर दो हाईवा वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई। इनमें से एक वाहन को जांच चौकी लावर लाया गया, जबकि दूसरे वाहन का चालक वाहन को सड़क के बीच छोड़कर चाबी लेकर फरार हो गया। वाहन मालिक को तत्काल सूचना दी गई, लेकिन उसके उपस्थित नहीं होने पर संबंधित वाहन स्वामी के खिलाफ थाना तोरवा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने 7 से 20 मई तक चकरभाठा, बोदरी, सकरी, बेलगहना, रतनखण्डी, करहीकछार, सलका, पोड़ी, महमंद, लालखदान, मंगला, मस्तूरी, चौरमट्टी एवं लखराम सहित विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज के खनिज परिवहन करते पाए जाने पर अवैध रेत परिवहन के 14, मुरूम के 1, चूनापत्थर के 2 तथा मिट्टी-ईंट के 3 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के तहत 12 हाईवा, 7 ट्रेक्टर और 1 माजदा वाहन जब्त कर थाना सकरी, चकरभाठा, कोटा, सरकण्डा तथा जांच चौकी लावर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं स्वीकृत क्षेत्र के बाहर रेत उत्खनन करते पाए जाने पर ग्राम सोढ़खुर्द एवं करहीकछार से 2 पोकलेन मशीनें तथा मुरूम के अवैध उत्खनन में संलिप्त एक जेसीबी मशीन को चौरमट्टी क्षेत्र से जब्त किया गया है। विभाग के अनुसार जिले में रेत, मुरूम एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर की ओर से गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स टीम को भी लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

---

# जेल से छूटे नशेड़ी के मुंह में कपड़ा ठूंसकर हत्या

**बिलासपुर।** जेल से छूटे नशेड़ी के आतंक से त्रस्त घरवालों ने उसे रस्सी से बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके घरवालों ने पुलिस को गुमराह करने उसके मुंह में जहर डाल दिया। पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस घर के तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

■ **पुलिस को गुमराह करने मुंह में डाल दिया जहर**

■ **पीएम रिपोर्ट में हत्या होने की पुष्टि, तीन हिरासत में**

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि 20 मई को बेलगहना क्षेत्र के रतखंडी निवासी गौरीशंकर पटेल पिता उमेन्द्र पटेल 23 साल की मृत्यु होने पर परिजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पोस्टमार्टम कराने के लिए शव का पंचनामा कर रही थी। इसी दौरान संदेह होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर से शार्ट पीएम रिपोर्ट की मांग की। डाक्टर ने पीएम रिपोर्ट में युवक की दम घूटने से मृत्यु होने की पुष्टि की। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और घर के तीन सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई।





